तापमान

अधिकतम 40.2 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 21 अप्रैल 2025

बुंदेली खरीदी केंद्र में 2572 बोरा धान गायब... 14



अटल परिसर निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ 14





**खबर संक्षेप**

### पंच से मारपीट

**महासमुंद।** पिरौद के एक पंच के साथ तीन लोगों के द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। सांकरा पुलिस को पंच दुर्योधन भोई ने बताया कि 16 अप्रैल को गुलाबी गैंग द्वारा शंकर मंदिर के पास किए जा रहे मीटिंग में वह रात करीब 9.30 बजे गया था। जहां लीलसिंह पटेल, सूरज प्रधान व जोहन सिंह यादव द्वारा तुमने शासकीय बोर में मनीष प्रधान को मोटर लगाने क्यों कहा है कहते हुए गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी।

# तुमगांव में भू माफिया सक्रिय, बिना अनुमति खरीदी-बिक्री का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय के समीपस्थ नगर पंचायत तुमगांव में अवैध प्लॉट कटिंग का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। तुमगांव से महासमुंद शहर की ओर आने वाले मार्ग में वामा डेयरी के आसपास की जमीनें अवैध प्लाटिंग कर बेची जा रही है।

बता दें कि नगर पंचायत तुमगांव तक की दूरी जिला मुख्यालय से महज 8 से 10 किमी है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मानें तो बिना वैध अनुमति धड़ल्ले से खरीदी बिक्री का खेल चल रहा है जिसके चलते स्थानीय नागरिक झांसे में आ रहे हैं। प्लाट की खरीदी बिक्री होने के बाद नगर पंचायत से मूलभूत आवश्यकताओं और सुविधाओं के लिए लोगों को तरसना पड़ेगा जो आगामी दिनों में लोगों के लिए परेशानी का सबब बनेगा। लोगों को घर बनाने के लिए लोन लेने में होने वाली दिक्कतें बाद में पेश आती हैं।

इसमें क्षेत्र के पटवारी की भी भूमिका संदेहास्पद बताई जा रही है। ज्ञात हो कि जिले के कई पटवारी इसी तरह के कार्य में लगे हुए हैं। बता दें कि हाल हमें सामने आए बड़े झाड़ के जंगल की जमीन की सौदेबाजी जैसा ही एक मामला ग्राम खरोरा में भी सामने आ रहा है। तुमगांव में बड़े भूखंड को छोटे-छोटे हिस्से में काटकर कॉलोनाइजर एक्ट के खुला उल्लंघन किए जाने की बात भी सामने आई हैं।

## डेयरी के आसपास की जमीन की हो रही अवैध प्लाटिंग



### दफ्तर से बाहर नहीं निकलते अफसर

तुमगांव क्षेत्र टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के दायरे में आता है। बावजूद ग्राम तथा नगर निवेश विभाग के जिम्मेदार अफसर फील्ड में जाने की जहमत नहीं उठा रहे। मौका निरीक्षण की बजाय कार्यालय में ही बैठकें हो रही हैं। हालात यह है कि क्षेत्र पूरा भू-माफिया, खनन माफिया के चंगुल में है। जिससे नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। राजस्व की हानि हो रही है।

## ऑनलाइन फ्रॉड : युवक ने सात दिनों में गंवा दिए लाखों रुपए, अलग-अलग बैंक खाते में रकम हुई ट्रांसफर

# पार्ट टाइम जॉब के चक्कर में युवक ने गंवाए 19 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पार्ट टाइम जॉब करने पर अधिक लाभ का झांसा देकर एक युवक के साथ आठ मोबाइल धारकों ने 19 लाख रु. से ज्यादा की ठगी कर ली। बसना थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए प्रार्थी जयंत कुमार नर्मदा पिता स्व सुरेश कुमार नर्मदा (33 साल) सिंघनपुर ने पुलिस को बताया कि अलग-अलग आठ मोबाइल धारकों ने 10 अप्रैल से 16 अप्रैल के बीच उसे पार्ट टाइम जॉब में अधिक लाभ का झांसा देते हुए 19,47,852 रु. की ठगी कर ली।

पुलिस ने रिपोर्ट पर आईडीबीआई बैंक खाताधारक, फेडरल बैंक खाताधारक, बंधन बैंक खाता धारक, फिनो बैंक खाता धारक, सिटी यूनियन बैंक खाता धारक, एचडीएफसी बैंक खाताधारक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र खाता धारक, इंडसइंड बैंक खाताधारक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### ऐसे दिया गया झांसा

प्रार्थी ने पूरे घटनाक्रम को लेकर पुलिस को बताया कि वह खेती किसानी करता है 10 अप्रैल को दोपहर करीबन 2.03 बजे के मध्य उसके टेलीग्राम में @AnyaRose के नाम के अकाउंट से पार्ट टाइम जॉब के नाम से मैसेज आया। जब उसने टेलीग्राम आईडी पर वाइस कॉल किया तो लिंक के माध्यम से उसे पार्ट टाइम जॉब संबंधित प्रोसेस के बारे में समझाया गया। साथ ही एक टेलीग्राम ग्रुप विलियंस कलेक्शन – 8033 नाम के ग्रुप में ज्वाइन कराया और आईडी पासवर्ड बनाकर दिया गया। इसके बाद अज्ञात व्यक्ति के द्वारा एक लिंक https://www.bestyway-williamsonoma.com दिया गया, जहां लॉगिन करने कहा गया, जिसमें 11,000 बोनस पाइंट की राशि एड कर दिया गया था, उसके बाद 25-25 की संख्या का दो टॉस्क दिया गया। जिसे कंप्लीट करने के बाद आईडी में प्रॉफिट की राशि जमा हो जाती रही। प्रॉफिट की राशि को बैंक खाता में विड्राल करने की सुविधा दी गई। प्रार्थी के द्वारा दो बार 10 अप्रैल को 1271 रु., 11 अप्रैल को टास्क चालू करने के लिए 11,000 रु. डिपोजिट करने के बाद टॉस्क कंप्लीट होने पर उसे लाभ मिलाकर कुल 16,300 रु. का विड्रॉल दिया गया व इसके बाद 12 अप्रैल को पुनः टास्क चालू करने के लिए 11,000 रु. डिपोजिट करने के बाद टॉस्क कंप्लीट होने पर लाभ मिलाकर कुल 16,256 रु. विड्रॉल दिया गया। जिसे प्रार्थी ने अपने आईडीबीआई बैंक खाता में विड्रॉल किया। उसके बाद 14 अप्रैल को कंपनी की पांचवी एनीवर्सरी में ज्यादा लाभ होने का झांसा देकर प्रोग्राम चलाया गया जिसमें टॉस्क कंप्लीट करने के लिए प्रार्थी के द्वारा 1,00,000 रु. की राशि उनके द्वारा दिये आडीबीआई बैंक के खाता में गूगल पे में रजिस्टर्ड के माध्यम से 50 – 50 हजार रु. की राशि ट्रांसफर किया। उसके बाद मेरी यूआईडी में यह राशि प्रदर्शित हुई। उसके बाद दूसरे एवं तीसरे नंबर का टॉस्क करने के पश्चात इन्सफिशिंयट बैलेंस उसी आईडी में प्रदर्शित होने पर उनके द्वारा अधिक लाभ प्राप्त होने की झांसा देकर फिर राशि एड करने कहा गया और फेडरल बैंक का खाता नंबर दिया गया, जिसमें उसने अपने कोटक महिन्द्रा बैंक के खाते से 97,671 रु. ट्रांसफर किया इसके बाद उनके द्वारा टॉस्क कंप्लीट होने के बाद ही विड्रॉल करने का झांसा दिया गया। उसने अपनी मां धनमोती नर्मदा के नाम से पंजीकृत बंधन बैंक के खाते से ठगों के बंधन बैंक के खाते में 1,00,000 रु. ट्रांसफर किया। उसके बाद अपनी पत्नी जेमा नर्मदा के नाम आईडीबीआई बैंक के खाते से 1,00,000 रु. फिनो बैंक के खाते में, फिर अपने नाम के एसबीआई खाते से बंधन बैंक के खाते में 35,624 रु. ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद 15 अप्रैल को अपने खाते से सिटी यूनियन बैंक के खाते में 3,45,000 रु. ट्रांसफर कर दिया, फिर कोटक महिन्द्रा बैंक के खाते से एचडीएफसी बैंक के खाते में 59,000 रु., दादा रणजीत नर्मदा के एसबीआई खाते के माध्यम से एचडीएफसी बैंक के खाते में 70,000 रु., इसके बाद अपनी पत्नी जेमा नर्मदा के बंधन बैंक के खाते से बैंक ऑफ महाराष्ट्र के खाते में 38,576 रु. ट्रांसफर किए और दिया गया टास्क भी कंप्लीट हो गया। उसके बाद उसके यूआईडी में 20,71,961 रु. दिखा रहा था। जिसे उसने एक साथ विड्रॉल करने का प्रयास किया तो उनके फायनेंस कंसल्टेंट के द्वारा सिस्टम जनरेटेड एक स्कीन शॉट भेजा गया जिसमें 3,00,000 रु. से अधिक की राशि विड्रॉल प्रोसेस में लगाया गया, इसलिए कुल विड्रॉल राशि का 50 प्रतिशत फंड आउट फीस भुगतान करना लिखा हुआ था और यह राशि रिफंडेबल है कहा गया। प्रार्थी ने विड्रॉल के लिए दूसरे दिन 16 अप्रैल को आईडीबीआई बैंक के खाते से इंडसइंड बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से 10,01,981 रु. ट्रांसफर करने के बाद फिर से विड्रॉल लगाया, जिसमें उनके द्वारा निर्मित प्लेटफार्म लिंक में सिबील स्कोर 100 के स्थान पर 97 होने पर विड्रॉल अस्वीकार कर एक पीडीएफ लेटर उसके टेलीग्राम मोबाईल नंबर उनके फायनेंस कंसल्टेंट के द्वारा जारी कर भेजा गया। इस प्रकार अधिक लाभ का लालच देकर प्रार्थी के साथ कुल 19,47,852 रु. विभिन्न खाता धारकों के द्वारा ठगी कर लिया गया है। बसना थाने में आरोपी मोबाइल धारकों के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।




## गाली देने से मना किया तो मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गाली देने से मना कर ने दो लोगों ने ग्राम कनपला के एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट बलौदा थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को टंकधर छत्रपति पिता उग्रसेन छत्रपति (42 वर्ष) निवासी कनपला ने बताया कि गांव के धनेश्वर बगर्ती एवं धनीराम बगर्ती आये दिन गाली देते रहते हैं। जिससे गली में आने जाने वाली महिलाओं को परेशानी होती है।

18 अप्रैल को भी वे लोग गाली गलौज कर रहे थे, जिन्हें उसने मना किया, इस पर तुम लोग मना करने वाले कौन होते हो कहकर अपने घर की छत में चढ़कर जान से मारकर खत्म कर ऊपर से पत्थर फेंक कर मारने लगे, जिससे प्रार्थी और पास में खड़े चिंतामणि छत्तर को भी चोट लगी है। मामले में आरोपियों के बलौदा थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# शादी बुकिंग के चलते विभिन्न रूटों में नही चली बसें

## घंटों इंतजार करते रहे यात्री, रायपुर से आने वालों को हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

वैवाहिक सीजन के चलते बसें बारातियों को ढो रही हैं। इसके कारण सवारियां परेशान है। रविवार को रायपुर रूट में इक्का दुक्का बसों के चलने से जाने और आने वाले यात्री काफी परेशान रहे। मुख्यालय से सभी रूटों के लिए वाहनों की कमी देखी गई। यात्री लगातार बसों का इंतजार करते नजर आए।

लोग भरी दुपहरी में लोगों को घंटों बसों का इंतजार करते रहे। रविवार को यात्रियों ने बताया कि वे राजिम, बया और खम्हरिया की ओर जाने के लिए कई घंटे से बस का इंतजार कर रहे हैं। रायपुर रूट के लिए बसें अधिक होने के कारण आसानी से मिल जाती है लेकिन, इस बार तो अधिक मुहूर्त होने के कारण रायपुर की ओर जाने वाले बसों के लिए लोगों को घंटों का इंतजार करना पड़ा। वहीं ग्रामीण इलाकों की और जाने वाली बसें तो तकरीबन चली ही नहीं।



### इन रूटों में चलती है यात्री बसें

महासमुंद से सर्वाधिक बसें रायपुर के लिए चलती हैं। यहां से बागबाहरा, नर्रा, खट्टी, गांजर, रेवा, पिथौरा, बोड़रीदादर, छुरा, गरियाबंद, तेंदूकोना, बुंदेली, भीमखोज, घोंच, घोघरा, तुमगांव, भोरिंग, बलौदाबाजार, सिरपुर रूट में 250 से अधिक बसें निकलती हैं लेकिन वर्तमान में केवल 95 वाहनें ही नियमित तौर पर रवाना हो रही है।

मिनी बस एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने बताया कि महासमुंद से रायपुर के लिए वाहनों की संख्या तो कुछ उपलब्ध हो गई। लेकिन, रायपुर से महासमुंद आने वाले लोगों के अधिक परेशानी हुई। अधिक बुकिंग होने के कारण रायपुर से वाहनें रवाना ही नही हुई।

**सुशासन तिहार के अंतर्गत त्वरित कार्रवाई**

# सुअरमार और मोहंदी के तीन परिवारों को मिला जॉब कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार प्रदेशभर में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। यह जनकल्याणकारी अभियान राज्य के नागरिकों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता, प्रतिबद्धता और जवाबदेही का प्रतीक है। सुशासन तिहार का मूल उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान सुनिश्चित करना, सरकारी सेवाओं को सरल और सुलभ बनाना तथा शासन को सीधे जनता तक पहुंचाना है। यह पहल 'जनता के साथ, जनता के लिए' की सोच को धरातल पर उतारती है, जहां सरकार खुद लोगों के बीच पहुंचकर उनकी आवश्यकताओं और उम्मीदों को समझने का प्रयास कर रही है।



अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत नागरिकों से उनकी समस्याओं एवं मांगों के संबंध में आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिन पर प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में विकासखंड बागबाहरा में सुशासन तिहार के तहत ग्राम पंचायत सुअरमार निवासी देव कुमारी, ग्राम पंचायत मोहंदी के सतीश कुमार निषाद एवं अशोक बाई ध्रुव द्वारा जॉब कार्ड के लिए आवेदन प्रस्तुत किए गए थे।प्रशासन द्वारा इन आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित रूप से कार्यवाही की गई और सभी तीनों हितग्राहियों को शीघ्र जॉब कार्ड प्रदान किए गए।

इसी प्रकार से सरायपाली विकासखंड के ग्राम बालसी के निवासी तेजकुमार रात्रे एवं ऋषिकेश रात्रे द्वारा सुशासन तिहार के अंतर्गत लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। परिवहन विभाग द्वारा इन आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई की गई, जिसके फलस्वरूप दोनों आवेदकों को शीघ्र ही लर्निंग लाइसेंस जारी कर दिया गया। जॉब कार्ड एवं लर्निंग लाइसेंस प्राप्त होने पर संबंधित परिवारों ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं 'सुशासन तिहार' जैसे अभिनव अभियान की सराहना की और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ज्वेलरी शॉप से चोरी का एक आरोपी गिरफ्तार



**महासमुंद।** ग्राम बड़ेसाजापाली के ज्वेलरी शॉप से चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 91000 रु. मूल्य के सोने के आभूषण को बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी उमाशंकर सोनी पिता नवधाराम सोनी बडेसाजापाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 अप्रैल को उसके दुकान उपकार ज्वेलर्स में एक अज्ञात ग्राहक सोना खरीदने के लिए आया और चांदी का ताबीज एवं सोने का फुली दिखाने के लिए कहा। इसके बाद उसने सामान दिखाया लेकिन अज्ञात ग्राहक ने पसंद नहीं किया और मुझे कान का टॉप्स दिखाने के लिए कहा और बिना सामान लिए चला गया। अज्ञात ग्राहक के जाने के बाद जब प्रार्थी ने सोने चांदी के जेवर को चेक किया सोने के जेवर कान का बाली 1 नग कीमत 23984 रु. एवं सोने का टॉप्स 3 नग 69526 रु. कुल 93510 रु. का सामान गायब था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर चौकी भंवरपुर थाना बसना में धारा 305, 332(सी) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस की टीम के द्वारा सीसीटीवी फुटेज तथा मुखबिर से प्राप्त सूचना पर साइबर सेल और भंवरपुर पुलिस कि टीम के द्वारा मौका पर जाकर पतासाजी कर एक संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नामजाफर अली पिता स्व. बिलाल अली (20 वर्ष) धोबीपारा खरियार रोड वार्ड नं. 13 नुवापाडा ओडिशा का होना बताया। टीम के द्वारा उक्त चोरी करने के संबंध में पूछताछ किया तो बडेसाजापाली में एक ज्वेलर्स दुकान से उसने अपने साथी सब्बीर अली के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी जाफर अली के कब्जे से 1 नग कान का बाली वजन 2.94 ग्राम, 3 नग सोने का टॉप्स वजन 9 ग्राम एवं 2 नग एयर रिंग वजन 3.12 ग्राम कुल वजनी 9.940 ग्राम कीमत 91000 रु. जब्त किए हैं। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। मामले में एक अन्य फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।



**किरण देव की टीम में होगा बड़ा बदलाव, कार्यकारिणी के दो दर्जन पदाधिकारियों को मिल गए हैं नए पद**

# निगम-मंडल की दूसरी सूची के बाद बनेगी प्रदेश भाजपा की नई टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी को लेकर अभी और इंतजार करना होगा। एक तो संगठन में पहले मंडल और फिर जिलों की कार्यकारिणी को पूरा करना है। इसी के साथ प्रदेश सरकार निगम, मंडल की एक और सूची जारी करने वाली है। इस सूची में भी प्रदेश संगठन के कई नेताओं को पद मिल सकते हैं। ऐसे में तय है कि इस सूची के बाद ही प्रदेश की नई टीम बनेगी। प्रदेश संगठन की नई टीम में बड़ा बदलाव तय है, क्योंकि प्रदेश की टीम के करीब दो दर्जन नेताओं को निगम, मंडल में पद मिल गए हैं। भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया, इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।



### मंडल, जिलों पर पहले फोकस

भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। इस समय मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम हो रहा है। इसका काम पूरा होने के बाद भाजपा ने 36 संगठन जिलों में कार्यकारिणी बनेगी। इस माह के अंत तक मंडल और जिलों की कार्यकारिणी के पूरे होने की संभावना है।

### दो दर्जन पदाधिकारियों को मिल गए नए पद

किरण देव की नई कार्यकारिणी में कई बदलाव होने की संभावना है। प्रदेश के एक महामंत्री जगदीश रामू रोहरा धमतरी के महापौर बन गए हैं। इसी के साथ 20 पदाधिकारियों भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और दुर्ग संभाग के प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, चार प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, नीलू शर्मा, केदारनाथ गुप्ता, दीपक म्हस्के, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम, तीन संभाग प्रभारी रायपुर के सौरभ सिंह, सरगुजा के राजा पांडेय, बिलासपुर के अनुराग सिंहदेव, प्रदेश कार्यसमिति के वरिष्ठ सदस्य और पुराने दिग्गज नेता रामप्रताप सिंह, रामसेवक पैकरा, राजीव अग्रवाल, श्रीनिवास मद्दी, लोकेश कावड़िया, चंद्रकांति वर्मा, भरत मटियारा, प्रहलाद रजक, राकेश पांडेय को निगम, मंडल में पद मिले हैं। इनके स्थान पर नए चेहरों को कार्यकारिणी में मौका मिलेगा। इसी के साथ निगम, मंडल की दूसरी सूची में भी जिनको पद मिलेंगे, उनके स्थान पर भी नए चेहरों को मौका मिलेगा।

---

## खबर संक्षेप

### श्रीराम सेना ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**रायपुर।** भगवान हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीराम सेना छत्तीसगढ़ द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा श्रीराम चौक नेहरू नगर से निगम मुख्यालय, टिकरापारा बिजली ऑफिस होते हुए वापस कालीबाड़ी चौक में जाकर समाप्त हुई। यह जानकारी श्रीराम सेना महानगर अध्यक्ष शक्ति दुबे ने देते हुए बताया कि शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीराम सेना छत्तीसगढ़ संस्थापक प्रदेश संयोजक श्रवण अन्नू रक्सेल ने भगवा ध्वज लहराकर किया। इस अवसर पर श्रीराम सेना जिला रायपुर अध्यक्ष जितेश सोनानी, महानगर उपाध्यक्ष बंटी महाराज, अभिषेक, कमलेश, नगर अध्यक्ष संजू गुप्ता, हर्ष सोनी एवं समस्त पदाधिकारी आदि सैकड़ों सैनिक शामिल हुए।

### साइबर टीम ने सटोरिए को धर दबोचा, रकम जब्त




**रायपुर।** एण्टी क्राइम एण्ड साइबर यूनिट की टीम ने थाना तिल्दा-नेवरा क्षेत्रांतर्गत स्थित दुर्गा मंदिर के पास एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में साइबर यूनिट तथा थाना तिल्दा-नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर पर्ची के माध्यम से सट्टा संचालित करते आरोपी ऋषभ तलरेजा निवासी तिल्दा नेवरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नकदी रकम 10500 रुपए एवं सट्टा-पट्टी पर्ची जब्त की है।

### मौहागांव में खाद्य सुरक्षा का उल्लंघन चावल में मिलावट का मामला उजागर



सिलयारी। धरसींवा ब्लाक मुख्यालय के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मौहागांव से बड़ा मामला सामने आया है। जहां शासकीय उचित मूल्य दुकान में भारी अनियमितता सरकार की योजना अंतर्गत वितरित किए जा रहे मुफ्त चावल में रेत, कंकड़ , मिलावट का गंभीर मामला सामने आया है। यह मामला 3 से 4 माह से मिलावटी चावल का वितरण किया जा रहा था ग्रामीणों ने सेल्स मैन से शिकायत करने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा था जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने इसी जानकारी जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद्रवंशी को दी गई। सूचना पर जयाज लेने शनिवार को जिला पंचायत सदस्य व सरपंच डिकेश्वरी वर्मा, जनपद सदस्य ईश्वरी भारती, उपसरपंच कैलाश बांधे, पंच चंपक गिलहरी, मितानिन कुमारी बाई कोसले, ग्रामवासी सुरेश वर्मा, अमरचंद गिलहरी, अशोक कुमार गिलहरी, बिहारी लाल भारती, तथा समस्त मौहागांव ग्रामवासियों सहित शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान में चावल की बोरियों की जांच में चावल में घटिया व मिलावटी सामग्री पाए जाने की पुष्टि हुई है। इस पर जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद्रवंशी ने संबंधित विभागों को सख्त कार्रवाई करने एवं दोषियों पर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। साथ ही मौहागांव के ग्रामवासियों से अपील की है कि भविष्य में यदि इस प्रकार की कोई गड़बड़ी पाई जाए तो उसकी सूचना तुरंत पंचायत कार्यालय या संबंधित अधिकारियों को दें।

---

**समाज ने कांग्रेस पार्टी को दिया था 24 घंटे का अल्टीमेटम, फैसला नहीं बदलने पर फूटा गुस्सा**

# संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष से हटाने के विरोध में राजीव भवन के सामने साहू समाज ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कांग्रेस पार्षद और नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष पद से संदीप साहू को हटाने पर छत्तीसगढ़ में साहू समाज का विरोध तेज हो गया है। पार्टी के इस फैसले के खिलाफ आक्रोशित साहू समाज के पदाधिकारियों ने शनिवार को राजीव भवन के सामने जमकर प्रदर्शन किया। हाथों में बैनर पोस्टर लिए समाज के लोगों ने नारेबाजी भी की। इससे पहले साहू समाज ने 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन समय सीमा पूरी होने के बाद भी फैसला नहीं बदले जाने पर इसकी नाराजगी राजीव भवन के सामने गुस्से के रूप में फूट पड़ी। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया।

दरअसल, गत माह कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम में वीर सावरकर वार्ड के पार्षद संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया था। निगम बजट के दौरान श्री साहू ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में पूरी दमदारी से सदन के समक्ष अपनी बात रखी। सत्ता पक्ष को अपने सवालों से निरूत्तर करते हुए उन्होंने सदन में धाक जमाई। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष के कक्ष में उनके नाम की पट्टिका लगने के साथ ही उनके पदभार की तैयारी भी चल रही थी, लेकिन एकाएक अब पार्टी ने उनसे बिना चर्चा किए और जानकारी दिये संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष पद से हटा कर बागी नेता आकाश तिवारी को नया नेता प्रतिपक्ष बना दिया है। इस बदलाव को लेकर पार्टी की ओर से न तो कोई स्पष्ट कारण बताया गया और न ही किसी प्रकार की सूचना दी गई। इस फैसले को साहू समाज के न केवल संदीप साहू का, बल्कि पूरे समाज के आत्मसम्मान पर हमला बताया है। समाजजनों का कहना है कि संदीप साहू न केवल पार्टी के जमीनी कायकर्ता रहे हैं, बल्कि उन्होंने हर हमेशा जनता के लिए काम किया है। दो बार निगम चुनाव जीतने वाले युवा नेता को इस तरह से हटाया जाना अलोकतांत्रिक है। शनिवार को साहू समाज के लोग कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन पहुंचे और सड़क पर बैठकर पार्टी के फैसले का विरोध किया। साहू समाज की ओर से मांग की गई कि पार्टी तुरंत अपना फैसला वापस ले और संदीप साहू को फिर से नगर निगम का नेता प्रतिपक्ष बनाया जाए। प्रदर्शन कर रहे कुछ पदाधिकारियों को पुलिस ने मौके पर हिरासत में लिया। इसके बाद भी प्रदर्शन जारी रहा। समाज के लोगों का कहना है अगर पार्टी ने जल्द फैसला नहीं बदला तो प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा। हरदिहा साहू समाज के जिला अध्यक्ष विनय साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोज साहू, झेरिया साहू समाज के जिला अध्यक्ष केशवराम साहू, युवा प्रकोष्ठ के देवदत्त साहू, लीलाधर, बंटी साहू, साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के सलाहकार प्रदीप साहू, क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र साहू सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

## प. बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने सिविल सोसाइटी ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कानून व्यवस्था की भयावह स्थिति एवं हिंदू जेनोसाइड पर जताई चिंता

पश्चिम बंगाल में कानून की भयावह स्थिति और हिंदुओं पर हो रहे हमले को देखते हुए पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गई है। छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी ने इस मामले में राष्ट्रपति को पत्र प्रेषित किया है। उनका तर्क है कि राज्य प्रशासन संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने तथा सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल हो रही है।

छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने पत्र में उल्लेख किया है कि पश्चिम बंगाल में संगठित हमले और भीड़ की हिंसा के कारण हिंदू समुदाय को जान-माल की हानि हो रही है। आतंक के माहौल की वजह से कई परिवारों को पलायन करना पड़ रहा है। राज्य शासन इसे रोक पाने में असफल हो रहा है और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन हो रहा है। इसे देखते हुए भारत के संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है। सिविल सोसाइटी का तर्क है कि राष्ट्रपति शासन लगाकर भविष्य में होने वाली जान-माल की हानि को रोका जा सकेगा, नागरिकों के अधिकारों की रक्षा होगी और राज्य में लोकतांत्रिक और संवैधानिक शासन को बहाल किया जा सकेगा।

---

# कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, नक्सलियों के शांति वार्ता प्रस्ताव का पत्र सही है या नहीं, गृहमंत्री को स्पष्ट करना चाहिये। अभी तक चार-पांच पत्र मीडिया के माध्यम से सामने आया, लेकिन सरकार की तरफ से इस मामले में कोई ठोस जानकारी नहीं आई। कहीं झूठी वाहवाही लेने के लिए सरकार ने ही तो पत्र प्रचारित नहीं करवाया है।

प्रदेश में बढ़ते अपराधों को लेकर मुख्यमंत्री निवास के घेराव के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रदेश में बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था तथा महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंता को लेकर प्रदेश की गूंगी, बहरी सरकार को जगाने कांग्रेस 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी। प्रदेशभर के कांग्रेस जन राजधानी में एकत्रित होकर बढ़ते अपराधों के प्रति चिंता प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे।

### प्रतियोगी परीक्षा में फीस छात्रों के साथ अन्याय

साय कैबिनेट द्वारा प्रतियोगी परीक्षा में इंटरव्यू में पहुंचने पर परीक्षार्थियों की फीस वापस करने के फैसले पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, यह युवाओं के साथ अन्याय है। कांग्रेस की सरकार के समय सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को निःशुल्क कर दिया गया था। साय सरकार अब छात्रों से भर्ती का फार्म भरने पर शुल्क लेगी, यह अन्याय है। जो छात्र इंटरव्यू में पहुंचेगा, उन्हीं की फीस वापस होगी। गरीब छात्र कहां से फीस का पैसा लाएंगे? ऐसे में एससी, एसटी छात्र, ग्रामीण, तो फार्म भरने से डरेंगे।

### पीसीसी अध्यक्ष ने घेराव की तैयारी को लेकर बैठक ली



राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर 21 अप्रैल को कांग्रेस मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राजीव भवन में वरिष्ठ नेताओं, ब्लाक अध्यक्षों तथा रायपुर के कांग्रेस नेताओं की बैठक ली। कानून व्यवस्था तथा महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को लेकर मुख्यमंत्री निवास घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सभी को पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, एआईसीसी पूर्व सचिव विकास उपाध्याय, पंकज शर्मा, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष महेन्द्र सिंह छाबड़ा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद चौबे, मदन तालेड़ा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, शहर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे, पूर्व महापौर ऐजाज ढेबर, महामंत्री दीपक मिश्रा, सकलेन कामदार, शिव सिंह ठाकुर, श्री कुमार मेमन, सीमा वर्मा, शारिक रईस खान, अजय अग्रवाल, मो. सिद्दीक, प्रशांत ठेंगड़ी, नवीन चंद्राकर उपस्थित थे।

### कांग्रेसी घेरेंगे सीएम हाउस, आमसभा को सफल बनाने मंथन



प्रदेश में बिगड़ी कानून ब्यवस्था को लेकर सीएम निवास घेराव की रूपरेखा तैयार करने के लिए बिरगांव निगम के महापौर निवास में बैठक की गई। इसमें तय किया गया कि किस तरह से लोग इस विरोध का हिस्सा बनेंगे। किस रूट से लोग विरोध के साथ घेराव के लिए निकलेंगे, इसके लिए अलग-अलग युवा कांग्रेसियों को जिम्मेदारी भी बांटी गई। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा, जिला कांग्रेस ग्रामीण ऊधो वर्मा, महापौर नंदलाल देवांगन, ग्रामीण विधान सभा प्रभारी राजेन्द्र बंजारे की उपस्थिति में होने वाले विरोध और घेराव को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। कांगेस कमेटी के आह्वान पर 21 अप्रैल को अबोध बालिकाओं और महिलाओं के साथ लगातार बढ़ते अपराध और प्रदेश में भाजपा सरकार की नाकामी को लेकर मंथन किया गया। आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री निवास घेराव के बाद विशाल आमसभा होगी। इसमें पदाधिकारी भी सभा की अगुवाई के लिए मंचस्थ रहेंगे। बैठक में ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी, बिरगांव निगम के सभापति कृपाराम निषाद, एमआईसी मेंबर इकराम अहमद, पार्षद उबारन दास बंजारे, राजाराम देवांगन प्रमुख रूप से शामिल हुए।

---

## डिप्टी सीएम शर्मा से चर्चा के बाद पंचायत सचिवों की हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पंचायत विभाग की कमेटी की रिपोर्ट अगले वर्ष आने के बाद करेंगे विचार

शासकीयकरण और वेतन वृद्धि की मांग को लेकर पिछले 32 दिनों से हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों ने राज्य स्तरीय हड़ताल को स्थगित करने का फैसला लिया है। छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के कार्यकारी अध्यक्ष कोमल निषाद ने बताया कि डिप्टी सीएम और पंचायत मंत्री विजय शर्मा से हुई बातचीत के बाद यह निर्णय लिया गया है। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में पंचायत सचिव धरने पर बैठे थे। साथ ही 28 अप्रैल को दिल्ली के जंतर-मंतर में प्रदर्शन की तैयारी भी की गई थी। सरकार से हुई सकारात्मक बातचीत के बाद आंदोलन को फिलहाल रोक दिया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गठित कमेटी 2026 तक अपनी अंतिम रिपोर्ट पेश करेगी, जिसके आधार पर पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाएगा। साथ ही यह तय किया गया कि चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के लिए नई मार्गदर्शिका भी जल्द जारी की जाएगी।

### वेतन विसंगति दूर की जाएगी

सरकार ने यह भी आश्वासन दिया है कि वर्तमान में 15 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले सचिवों के वेतन सत्यापन से जुड़ी विसंगतियों को दूर किया जाएगा और आंदोलन की अवधि में रुका हुआ वेतन भी शीघ्र स्वीकृत किया जाएगा। चार दिन तक चली चर्चा के बाद बनी इस सहमति को पंचायत सचिवों ने संघर्ष की आंशिक जीत मानते हुए हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया है।

### बृजमोहन ने की फिल्म डायरेक्टर पर कार्रवाई की मांग

**रायपुर।** फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप के विवादित जातिसूचक बयान पर भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जाति, संप्रदाय के नाम पर विद्वेष फैलाना चाहते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। दरअसल यह विवाद बुधवार को तब शुरू हुआ, जब अनुराग कश्यप ने इंस्टाग्राम पर एक यूजर को जवाब देते हुए ब्राह्मणों को लेकर बेहद शर्मनाक बात लिखी, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जमकर बवाल मचा और लोगों ने उनकी आलोचना की।

---

# नई नगर विकास योजनाओं और री-डेवलपमेंट की योजनाएं पर होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आरडीए अध्यक्ष नंदकुमार साहू की पहली समीक्षा बैठक



रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंदकुमार साहू ने शनिवार को प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली और कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कमल विहार जैसी नई नगर विकास योजनाएं बनाने और रीडेवलपमेंट योजना पर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया। बजट की जानकारी लेते हुए उन्होंने पूर्ण विकसित हो चुकी योजनाओं को नगर निगम और विद्युत सब-स्टेशन विद्युत मंडल को हस्तांतरित करने तथा वर्तमान योजनाओं में साफ-सफाई, बकाया राशि वसूली पर जोर दिया। बैठक में प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंदन कुमार के निर्देशन में तैयार किए गए पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से वर्तमान में चल रही विकास और निर्माण योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें कौशल्या माता विहार नगर विकास योजना, इंद्रप्रस्थ रायपुरा, बोरियाखुर्द योजना निर्माणाधीन फ्लैट्स, डिपाजिट योजना के अंतर्गत देवेंद्र नगर योजना में बन रहे प्रधानमंत्री एकता माल की भी जानकारी दी। चर्चा के दौरान प्राधिकरण की संपत्ति विक्रय का विवरण और शिकायतों के लिए इंटनेट के माध्यम से ऑनलाइन सुविधा प्रारंभ किए जाने के बारे में बताया गया कि इससे कोई भी भारतीय नागरिक रायपुर में प्राधिकरण की संपत्तियों को खरीदने के लिए देश-दुनिया के किसी भी कोने से आवेदन कर सकता है। यह प्रक्रिया काफी पारदर्शी है। इससे प्रापर्टी एजेंट आम लोगों को परेशान नहीं कर पाएंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त सीईओ शिम्मी नाहिद सहित अन्य कई अधिकारी उपस्थित थे।

# सेवा सत्संग के रूप में मनाया अवतरण दिवस, हवन के साथ सामूहिक पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मोहबा बाजार में शर्बत छाछ का नि :शुल्क वितरण

योग वेदांत सेवा समिति द्वारा वीआईपी रोड स्थित आश्रम में अवतरण दिवस विश्व सेवा-सत्संग दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न गरीबों, जरूरतमंदों में भंडारा व जीवनोपयोगी सामग्री का वितरण भी किया गया। सरस्वती नगर थाना के सामने और मोहबा बाजार चौक पर निःशुल्क शीतल पलाश शरबत, छाछ व जल प्याउ की सेवा की गयी। यह सेवा पूरे गर्मी के सीजन में निरंतर जारी रहेगी।

शनिवार को कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे दीप प्रज्ज्वलन एवं गुरुवंदना से हुई। इसके बाद बापू की जीवनलीला पर आधारित सामूहिक पाठ किया गया। इसके बाद गुरु पादुका पूजन, मानस पूजन, सत्संग एवं दोपहर 12 बजे से अवतरण दिवस का भव्य उत्सव मनाया गया। इसमें साधकों ने भगवन्नाम कीर्तन पर सामूहिक नृत्य भी किया। आंबेडकर अस्पताल के आपात कालीन चिकित्सा विभाग में युवा सेवा संघ के सेवादारों द्वारा मरीजों को निःशुल्क फल वितरण किया गया। योग वेदांत सेवा समिति के प्रवक्ता रामा भाई ने बताया कि आज विश्व के सामने खड़ी अनेक समस्याओं का समाधान समाज की निःस्वार्थ भाव से सेवा करने से ही सम्भव है।



### हरिनाम संकीर्तन यात्रा निकाली

अवतरण दिवस के पूर्व संध्या पर सुभाष स्टेडियम से शाम 4 बजे संकीर्तन यात्रा निकाली गयी। श्री विग्रह से सजे रथ, बाल संस्कार केंद्र की मोहक झांकी और घोड़े पर सवार बालिकाएं संकीर्तन यात्रा में आकर्षण का केंद्र बनीं। यह शोभायात्रा सुभाष स्टेडियम से शुरू होकर महिला थाना चौक, निगम मुख्यालय सप्रे शाला मार्ग पुरानी बस्ती थाने के पास से होकर कंकालीपारा, सत्ती बाजार से होते हुए वापस सुभाष स्टेडियम पहुंची। साधकों द्वारा शोभायात्रा का जगह-जगह जलपान से स्वागत किया गया।

**खबर संक्षेप**

## सूरज सिंह होंगे जिले के नए एसपी



**धमतरी।** जिले में पुलिस विभाग की कमान संभाल रहे पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय का तबादला हो गया है। उनके स्थान पर सूरज सिंह को धमतरी जिले का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। राज्य सरकार ने रविवार को आईपीएस अफसरों की तबादला सूची जारी की है। इस सूची में प्रदेश के कई जिलों के 20 पुलिस अधिकारी प्रभावित हुए हैं। धमतरी पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय को सारंगगढ़ बिलाईगढ़ का एसपी बनाया गया है, वहीं उनके स्थान पर 2015 बैच के आईपीएस सूरज सिंह को धमतरी जिले का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

## परिक्षेत्रीय स्तर पर 25 को मनेगी सेन जयंती

**धमतरी।** सर्व सेन समाज की बैठक गत दिनों हुई। 25 अप्रैल को संत शिरोमणि सेनजी महाराज की जयंती तहसील एवं परिक्षेत्रीय स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया। स्वजातीयगण अपने-अपने घरों में ईष्ट गुरु सेनजी की पूजा-अर्चना कर उनकी जयंती मनाएंगे। सेन जयंती पर पूरे जिले के सामाजिकजन अपनी प्रतिष्ठानें बंद रख आस्था और सामाजिक एकता का परिचय देगें। यह जानकारी धनसिंह सेन जिलाध्यक्ष, लालाराम सेन उपाध्यक्ष, भगवानीराम शांडिल्य सचिव, रविकुमार कौशल कोषाध्यक्ष ने दी है।

## स्टार्टअप के लिए कार्यशाला 25 को



**धमतरी।** जिले के आदिवासी युवाओं को रोजगार के सुनहरे अवसर तलाशने और उनका भविष्य संवारने के लिए स्टार्टअप शुरू करने एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे से नगरी ब्लॉक के सुखराम नागे शासकीय महाविद्यालय छिपली में होगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने प्राचार्य को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## रक्तदान शिविर आज

**नगरी।** तहसील साहू समाज द्वारा दानवीर भामाशाह जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन 21 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक साहू सदन नगरी में किया गया है। शिविर में रक्तदान करने वालों को उपहार स्वरूप हेलमेट प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी योगेश कुमार साहू सचिव युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज ने दी है।

# हायर सेकेंडरी स्कूल बेलसोंडा के छात्र अपने सहपाठियों को सिखा रहे हैं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



समग्र शिक्षा महासमुंद और जिला विज्ञान एवं शैक्षिक परिषद महासमुंद के द्वारा जिला स्तरीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर 5 दिवसीय एआई स्किलिंग कैंप का आयोजन 24 मार्च से 28 मार्च तक किया गया। जिसमें जिले के सभी विकासखंडों से 40 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस कैंप में इंटेल डिजिटल रेडीनेस के एआई एक्सपर्ट अनूप सिंह ने 5 दिनों तक छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक की बारीकियों, डेटा माइनिंग, डेटा एक्विजिशन, डेटा विजुलाइजेशन के बारे में बताया। साथ ही केगल, ऑरेंज डेटा, टीचेबल मशीन के माध्यम से एआई प्रोजेक्ट बनाना सिखाया।

नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर एटीएल कम्युनिटी सप्ताह के आयोजन का निर्देश दिया तो, बेलसोंडा के छात्रों ने अपने शालाओं में जाकर 20 छात्रों का समूह तैयार कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिखाना प्रारंभ कर दिया। छात्रों ने अपने सहपाठियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के ताकत को बारीकी से सिखाकर बनाए गए प्रोग्रामिंग का प्रेजेंटेशन भी संस्था के प्राचार्य, शिक्षकों, जनप्रतिनिधि एवं अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत भी किए।

शासकीय उच्च माध्य विद्यालय नर्रा और महासमुंद के शासकीय उच्च माध्य विद्यालय बेलसोंडा के कक्षा ग्यारहवीं के छात्र अहिल्या साहू ,गरिमा भारती कक्षा दसवीं के छात्र खुशी देवांगन, ईशा ने अपने अन्य सहपाठियों को स्कूल के कंप्यूटर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की नो कोड तकनीक और बेसिक्स की जानकारी साझा किया। इन छात्रों ने केगल डेटा सोर्स का उपयोग, ऑरेंज डेटा माइनिंग, टीचेबल मशीन के उपयोग से विभिन्न एआई आधारित प्रोजेक्ट्स बनाए। बेलसोडा स्कूल के विद्यार्थियों ने एआई अटेंडेंस सिस्टम बनाया जिसकी मदद से क्लास के सभी बच्चों का रियल टाइम अटेंडेंस कम समय में ही हो पाएगा। गर्मी की छुट्टियों के समय भी इन छात्रों के लगन से प्रभावित प्राचार्य शोभा सिंह देव ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत ग्रीष्म काल में भी बच्चों को नई तकनीक का ज्ञान एटीएल के माध्यम से दिया जा रहा है। एटीएल प्रभारी जगदीश सिन्हा ने बताया कि स्कूली बच्चे पहले जिला स्तरीय कैंप में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बेसिक्स सिख कर आए तथा अब अन्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की जानकारी दे रहे हैं। ग्रीष्म कालीन समय को ये छात्र सीखने और सीखाने में उपयोग कर रहे हैं।

एटीएल कम्युनिटी सप्ताह के अंतर्गत इन छात्रों ने अपनी सीखी हुई नवीनतम तकनीक के ज्ञान को सहपाठी छात्रों के बीच पहुंचाया। साथ ही इन छात्रों को एटीएल में उपलब्ध विभिन्न कैटेगरी के उपकरणों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा एटीएल के बारे में जानकारी दी गई।

# जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने किया आवास सर्वे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

प्रधानमंत्री आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण कार्य के दौरान जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 अंतर्गत ग्राम पंचायत हाथीबाहरा के आश्रित ग्राम बिछलादादर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर सभा को संबोधित किया एवं सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर ने आवास की हितग्राही महिला दीदी नीरा बरिहा के आवास हेतु ऑनलाइन पोर्टल सर्वेक्षण किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर, पूर्व जनपद सदस्य माधव मांझी, ग्राम प्रमुख विजय निषाद, पंच बिंदेश्वरी ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता अजय ध्रुव, संरक्षक आदिवासी युवा प्रभाग ओमप्रकाश ध्रुव, ताराचंद ठाकुर, विश्वनाथ बरिहा, ताराचंद बरिहा, आवास इंजीनियर वेदप्रकाश नेताम, रोजगार सहायक आसन ठाकुर, आवास मित्र, मातृ शक्तियों सहित युवा साथीगण एवं ग्रामीण जन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पांडा की पुस्तक हॉकी इन इंडिया का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पीएनबी के पूर्व महाप्रबंधक और लेखक बिष्णु मोहन पांडा ने दिल्ली में अपनी नई पुस्तक - हॉकी इन इंडिया का विमोचन किया और इसे हॉकी के दिग्गज पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार विजेता हरबिंदर सिंह (1964 ओलंपिक में स्वर्ण, 1968 ओलंपिक में कांस्य और 1972 ओलंपिक में कांस्य विजेता) के अलावा कई अन्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों और राष्ट्रीय स्टेडियम, दिल्ली में ओलंपियन अभिषेक नैन को भी प्रस्तुत किया, जो 2024 ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे और कई महत्वपूर्ण हॉकी पुरस्कार प्राप्तकर्ता रहे हैं। पुस्तक का विमोचन 18 अप्रैल 2025 को भुवनेश्वर में किया गया और इसे कलिंगा स्टेडियम में हॉकी के दिग्गज, पद्म श्री, अर्जुन पुरस्कार विजेता, कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता और वर्तमान में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष को भेंट किया गया। यह पुस्तक छत्तीसगढ़ सहित भारत में हॉकी के हर स्तर का व्यापक कवरेज देती है। पुस्तक में छत्तीसगढ़ राज्य के हॉकी खिलाड़ियों का संक्षिप्त विवरण, स्टेडियमों और राज्य में हॉकी के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी गई है। पुस्तक में शामिल विभिन्न विवरण इस खेल के प्रति हमारी समझ को बढ़ाएंगे, जो न केवल एक खेल है, बल्कि भारत का राष्ट्रीय गौरव भी है। श्री पांडा ने भगवान राम, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और बैंकिंग आदि पर पुस्तकों के अलावा मुख्य रूप से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और नेपाल से संबंधित पर्यटन और संस्कृति पर 26 पुस्तकें लिखी हैं।

# आशीबाई स्कूल के एटीएल के लोगो की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वर्ल्ड क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन डे



के विशेष अवसर पर अटल टिंकरिंग लैब, आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महासमुंद ने एक उल्लेखनीय निर्णय लेते हुए आधिकारिक लोगो की घोषणा की। यह लोगो भूतपूर्व छात्र श्वेत कुमार ध्रुव द्वारा पूर्व में आयोजित क्रिएटिव लोगो डिजाइन प्रतियोगिता के अंतर्गत डिज़ाइन किया गया था, जिसमें उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

आज के दिन, जब पूरी दुनिया रचनात्मकता और नवाचार का उत्सव मना रही है, एटीएल ने इस खास मौके को श्वेत कुमार की प्रतिभा को सम्मान देने के रूप में चुना। उनके द्वारा डिज़ाइन किया गया लोगो अब विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब का आधिकारिक प्रतीक बन गया है। इसे एटीएल के मुख्य द्वार पर भव्य रूप से अंकित किया गया है, जहां से अब हर आने-जाने वाला नवाचार की इस अमिट छवि को देखेगा।

### लोगो की विशेषताएँ:

इस लोगो में श्वेत कुमार ने न केवल तकनीकी सोच को रेखांकित किया है, विशेष रूप से, इस रचनात्मक प्रतीक में एटीएल महासमुंद की सबसे बड़ी उपलब्धि ₹आजादी सैटेलाइट मिशन₹ को भी स्थान दिया गया है, जो स्वतंत्रता के 75वें अमृत महोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा संचालित गौरवपूर्ण परियोजना थी। इसके अतिरिक्त, लोगो में टेलीस्कोप को सितारों के साथ दर्शाया गया है, जो विद्यार्थियों की अन्वेषण भावना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और ब्रह्मांड की ओर बढ़ती सोच को प्रतीकात्मक रूप में प्रकट करता है।

### पूर्व उपलब्धियां:

श्वेत कुमार ध्रुव इससे पहले ₹मेरा स्वर्णिम भारत₹ विषय पर आयोजित राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता (सत्र 2023-24) में पीएसवाय राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान रिसर्च एवं एजुकेशन एवं नीति आयोग के अंतर्गत 161वीं रैंक प्राप्त कर प्रथम मेधावी सूची में भी शामिल हो चुके हैं। सुमन पंडित (अटल इन्नोवेशन मिशन नीति आयोग), अजय पिल्लई (सहायक संचालक समग्र शिक्षा रायपुर), विद्यालय के प्राचार्य जी आर सिन्हा , एटीएल प्रभारी चंद्रशेखर मिथलेश एवं शिक्षकगणों ने श्वेत की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया हैं.

चंद्रशेखर मिथलेश ने कहा कि प्रतियोगिताएं केवल पुरस्कार जीतने का माध्यम नहीं होतीं – वे बच्चों के विचारों को आकार देने, उनकी रचनात्मकता को पहचान दिलाने और उन्हें आत्मविश्वास से भरने का मंच होती हैं। आज श्वेत का लोगो हमारे एटीएल की पहचान बना है – यह उस कल्पना की शक्ति का साक्षात उदाहरण है जो एक छात्र के मन में अंकुरित हुई हैं। इस पहल के माध्यम से विद्यालय ने यह संदेश दिया है कि रचनात्मकता केवल मन में नहीं रहनी चाहिए, उसे साकार किया जाना चाहिए – और अटल टिंकरिंग लैब्स इसी सोच को जमीनी रूप देती हैं।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव देशहित में : रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला अधिवक्ता संघ ने रविवार को स्थानीय पीजी कालेज में एक देश-एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि इसका उद्देश्य लोकसभा, विधानसभा का चुनाव एक साथ कराना है, ताकि वित्तीय खर्च में कटौती की जा सके। यह कदम चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगा। बार-बार की चुनावी परेशानियां कम होंगी। हालांकि आलोचक अब भी इस पर सवाल उठा रहे हैं।

पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि भारत में चुनाव ऐसा चक्र है, जहां हर साल चुनाव होते रहते हैं। इससे संसाधनों और मशीनरी पर काफी दबाव पड़ता है। एक देश-एक चुनाव सर्वोत्तम उपाय है। पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के बाद देश में चार बार का आम चुनाव एक देश-एक चुनाव की तर्ज पर हुआ था। लोगों ने लोस, विस के लिए एकसाथ मतदान किया। एक देश-एक चुनाव का माडल फिर अपनाया जाए तो यह देश के हित में होगा। पूर्व प्राचार्य डा. अनंत दीक्षित ने कहा कि एक देश-एक चुनाव देश हित में है, लेकिन क्या इसे भारत जैसे देश में आसानी से लागू किया जा सकता है। यह मंथन का विषय है। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण साहू, एनपी गोस्वामी, बीके सिन्हा ने भी एक देश-एक चुनाव का समर्थन करते हुए कहा कि भारत में शुरुआती आम चुनाव साथ-साथ कराए गए। यह प्रक्रिया 1967 तक चली। चुनावी प्रणाली बाधित होने से अब चुनाव अलग-अलग समय में हो रहा है जो समय और अत्याधिक खर्च को दर्शाता है। लोस, विस का चुनाव एकसाथ कराने से पैसों की बचत होगी। प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षाबल पर दबाव कम रहेगा। सरकारी नीतियों का समय पर क्रियान्वयन होगा। पार्टियों का ध्यान चुनाव प्रचार की बजाय विकास पर होगा। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# मोर दुआर-साय सरकार महाभियान से क्षेत्र के ग्रामीणों को कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 के सदस्य लोकनाथ बारी ने विकास खंड के जटाकन्हार पहुंच कर क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रदेश सरकार के विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया साथ ही योजना का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिल सकें। इस अवसर पर लोकनाथ बारी ने ग्रामीणों को बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए प्रदेशव्यापी मोर दुआर-साय सरकार महाभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कई हितग्राहियों के घर पहुंचकर स्वयं सर्वेक्षण किया। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण कार्य समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पूरा किया जाएगा, ताकि हर जरूरतमंद को योजना का लाभ मिले। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2.0 के तहत सर्वेक्षण के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल पर 15 दिवसीय मोर दुआर-साय सरकार महाभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। मोर दुआर-साय सरकार महाभियान का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के ऐसे ग्रामीण परिवारों की पहचान करना है, जिन्हें अब तक किसी भी आवासीय योजना के तहत पक्का आवास नहीं मिल सका है। उन्हें पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराना है।

# शादी घर में खाना बनाते सिलेंडर में लगी आग



- लोहरसी की घटना, दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शादी घर में खाना बनाते समय अचानक सिलेंडर में आग लग गई। दमकल की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

समीपस्थ ग्राम लोहरसी में विश्वकर्मा परिवार के यहां शादी का कार्यक्रम चल रहा था। रविवार को बारात आने वाली थी जिसके लिए शादी घर में खाना बनाया जा रहा था। इसी दौरान गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई जिसे देख शादी घर में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद कुछ लोगों द्वारा अपने स्तर पर आग को बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन आग को काबू नहीं कर सके। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम में शामिल फायरमेन अरूण यादव, अभिनव तिवारी, भारत ठाकुर, रोहित व चालक उमेश कौशिक दमकल वाहन के साथ तत्काल लोहरसी पहुंचे और आग पर काबू पाया। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। अगर सिलेंडर फट जाता तो बड़ी घटना हो सकती थी।

# करंट से कपड़ा व्यवसायी झुलसा



- इतवारी बाजार में हुई घटना, इलाज के लिए रायपुर रिफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



इतवारी बाजार में निगम के सामने कपड़ा की दुकान लगाने तिरपाल बांध रहा युवक करंट की चपेट में आ गया। घटना में करंट से झुलसे युवक को उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय जालमपुर निवासी गोपी देवांगन शहर के साप्ताहिक इतवारी में लंबे समय से कपड़े की दुकान लगा रहा है। गोपी इस रविवार की सुबह इतवारी बाजार पहुंचकर निगम कार्यालय के सामने गार्डन के पास कपड़ा दुकान लगाने की तैयारी कर रहा थ। वह गार्डन की दीवार पर चढ़कर तिरपाल को रस्सी से बांध रहा था। वहीं पर दीवार से लगा ट्रांसफार्मर है। रस्सी बांधते समय युवक अचानक करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से युवक के दायें कंधे से लेकर कुहनी तक झुलस गया। युवक नीचे गिरकर दर्द से तड़प रहा था।

सूचना पर शिवा प्रधान तत्काल इतवारी बाजार पहुंचे और घायल को उसके साथी व्यवसायी की मदद से उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए। बताया जा रहा है कि युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रायपुर रिफर कर दिया गया है।

# एक्सपायरी इंजेक्शन लगने से बिगड़ी युवती की तबीयत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





मेडिकल स्टोर द्वारा दिए गए एक्सपायरी डेट के इंजेक्शन के लगने से युवती की तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में युवक को जनरल वार्ड से आईसीयू में भर्ती कराया गया।

केशकाल के रहने वाले मो. जाहिद पिता फारुख उम्र 36 वर्ष की बेटी हलिमा सादिया उम्र 18 वर्ष को उल्टी होने पर शुक्रवार को धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। युवती की तबीयत में काफी सुधार आ गया था। ब्लड टेस्ट की रिपोर्ट आने के बाद अस्पताल के डाक्टर ने इंजेक्शन डोड्रीन लिखा। जिसे मो.जाहिद के भतीजे मो. मोहिब उम्र 13 वर्ष ने अस्पताल के गेट के सामने स्थित एक मेडिकल से खरीदकर लाया। उक्त इंजेक्शन को वार्ड की नर्स ने युवती को लगाया। इंजेक्शन के लगने के बाद युवती की तबीयत और खराब हो गई। नर्स ने इसकी जानकारी डाक्टर को दी। डाक्टर ने युवती की बिगड़ रही हालत को देखते हुए शुक्रवार की रात्रि 10.45 बजे आईसीयू में शिफ्ट कराया। चेक करने पर पाया कि इंजेक्शन एक्सपायरी डेट का था। यह इंजेक्शन फरवरी माह 2025 में एक्सपायर हो चुका था। घटना से आक्रोशित परिजनों ने मेडिकल पहुंचकर हंगामा किया। यह देख मेडिकल संचालक इंजेक्शन को अपनी दुकान का नहीं होना बताते हुए तुरंत स्टोर बंद कर चलता बना। इस एक्सपायरी इंजेक्शन से एक युवती की जान जा सकती थी। युवती के पिता मो.वाहिद ने रात्रि में ही सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत कर लापरवाही करने वाले मेडिकल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतो की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## अग्निवीर आशीष सिन्हा का किया गया स्वागत

**महासमुंद।** छग कलार समाज युवा मंच जिला महासमुंद के तत्वाधान में शनिवार को भलेसर नयापारा में अग्निवीर में चयनित आशीष सिन्हा पिता भेखलाल सिन्हा का सम्मान उनके निवास में समाज के समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान माता बहादुर कलारिन, सहस्त्रबाहु अर्जुन देव एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र में पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया । अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे दीना राम सिन्हा जामगांव गरियाबंद थल सेना पदस्थ स्थान सियाचीन ने अपनी उद्बोधन में कहा कि- आर्मी में चयनित होना, आपके अथक परिश्रम, लगन, माता व पिता, गुरुजन एवं समाज का आशीर्वाद हैं । अग्निवीर बनकर मातृभूमि की सेवा करना हर युवा के लिए गौरव की बात है देश की सेवा करना अपने आप में एक तपस्या है, लाभ के दृष्टि से नहीं, निष्ठापूर्वक समर्पण भाव के साथ सेवा कर, अपने परिवार, समाज, राज्य एवं राष्ट्र का नाम रोशन करे। अध्यक्षता युवामंच जिलाध्यक्ष दौलत राम सिन्हा, मुख्य अतिथि दानेश्वर सिन्हा मंडलेश्वर परिक्षेत्र खल्लारी, अति विशिष्ट अतिथि दीनाराम सिन्हा आर्मी जवान थल सेना पदस्थ सियाचिन, विशिष्ट अतिथि राजेश डड़सेना पूर्व जिलाध्यक्ष युवामंच, राजेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष खल्लारी, धनवंतरि सिन्हा पुर्व निर्वाचन अधिकारी, संतोष नशीने, प्रांतीय संयोजक विधि प्रकोष्ठ, तारकेश्वर डड़सेना क्षेत्राधिकारी , केवल सिन्हा सचिव, परिक्षेत्र सिरपुर, राजेश डड़सेना एवं अतिथि पूना राम सिन्हा वरिष्ठ प्रबुद्धगण, ठाकुर राम सिन्हा, भगवत सिन्हा , परस राम सिन्हा, ग्राम प्रमुख परिक्षेत्र खल्लारी, मानस सिन्हा, गजानंद सिन्हा, परदेशी सिन्हा, द्वारिका सिन्हा, भेखलाल सिन्हा, उत्तर सिन्हा, यादराम सिन्हा, दीनाराम , राजा, उत्तम, महेश, कौशल हितेश सम्मिलित हुए ।

### गड़बड़ी : न निगरानी काम आई, न नोडल अफसर-सारा सिस्टम

# बुंदेली खरीदी केंद्र में 2572 बोरा धान गायब, उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

- सरकारी निगरानी और व्यवस्था ध्वस्त, खरीफ सीजन 2024-25 की खरीदी में बड़ा खुलासा

छत्तीसगढ़ सरकार की धान खरीदी व्यवस्था की पोल अब खुलने लगी है। खरीफ वर्ष 2024-25 की धान खरीदी प्रक्रिया भले ही आधिकारिक रूप से समाप्त हो चुकी हो, लेकिन इसके बाद भी एक ऐसा चौंकाने वाला मामला सामने आया है जिसने पूरे प्रशासनिक अमले को सवालों के बीच खड़ा कर दिया है।

पिथौरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले बुंदेली धान खरीदी केंद्र में 1029 क्विंटल धान की कमी है। रिकॉर्ड के अनुसार केंद्र में 2572 बोरा धान होना चाहिए था, लेकिन यहां एक भी बोरा धान मौके पर नहीं है। सवाल ये है कि इतनी बड़ी मात्रा में धान आखिर कहां गया?





प्रशासन द्वारा धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और गड़बड़ियों को रोकने के लिए नोडल अधिकारी, निगरानी दल, समिति सदस्यों सहित कई स्तरों पर निगरानी तंत्र खड़े किए गए थे। लेकिन इतना बड़ा घोटाला यह साबित करता है कि यह पूरा तंत्र सिर्फ कागजों पर ही सक्रिय था। धरातल पर न कोई निगरानी थी, न कोई जवाबदेही।

समिति प्रबंधक स्वरूप प्रधान से जब इस बारे में संपर्क किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव करना उचित नहीं समझा। मौके पर धान खरीदी केंद्र में जब हमारे संवाददाता पहुंचे तो खरीदी केंद्र में समिति प्रबंधक स्वरूप प्रधान अनुपस्थित मिले। जब प्राधिकृत अधिकारी से जानकारी ली गई तो उन्होंने धान के सुखत आने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश की। लेकिन क्या 1029 क्विंटल धान का सुखत आना संभव है या यहां गंभीर अनियमितता हुआ है।

क्षेत्र के किसानों से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि हमें धान बिक्री के समय प्रति बोरा 40 की बजाय 41 किलोग्राम देने को कहा गया था, ताकि अगर सूखत हो, तो भी मंडी में कोई कमी न हो। इसके बावजूद अगर 1000 क्विंटल से ज्यादा की शॉर्टेज हो रही है, तो मामला पूरी तरह से संदिग्ध है और गड़बड़ी सुनियोजित लगती है।

### क्या सरकार की आंखों के नीचे हो रहा है करोड़ों का खेल

एक ओर जहां छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को बोनस देने और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी के नाम पर बड़ी-बड़ी घोषणाएं करती है, वहीं दूसरी ओर धरातल पर किसानों द्वारा सरकारी मंडी में बिक्री किए गए धान गायब हो रहा है। यह सिर्फ एक केंद्र की कहानी है। अगर जांच गहराई से की जाए तो और भी खरीदी केंद्रों में ऐसी गड़बड़ियों के खुलासे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### अब कार्रवाई की नहीं, जवाबदेही तय करने की ज़रूरत


बुंदेली धान खरीदी केंद्र में उजागर हुई यह गड़बड़ी न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग है, बल्कि यह किसानों की मेहनत और उम्मीदों के साथ किया गया भयानक विश्वासघात भी है। अब सिर्फ जांच की घोषणा नहीं, बल्कि दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होना चाहिए ताकि ऐसी लापरवाह व्यवस्था की पुनरावृत्ति न हो।

# क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों का फल फूल रहा कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

- बिना डर-भय के हो रहा गंभीर बीमारियों का इलाज, प्रशासन मौन

विकासखंड के ग्रामीण अंचलों में झोलाछाप डॉक्टरों का अवैध कारोबार तेज़ी से फल-फूल रहा है। मेमरा, खुटेरी, गोपालपुर, टेका, गड़बेडा, लक्ष्मीपुर, किशनपुर और भोकलुडीह जैसे गांवों में कथित मेडिकल स्टोर्स खोलकर कुछ लोग खुद को डॉक्टर बताकर गंभीर बीमारियों का इलाज कर रहे हैं। इन झोलाछापों को न तो प्रशासन का डर है, न ही कानून का भय।



ग्रामीणों से मोटी रकम वसूल कर ये लोग इलाज कर रहे हैं, जबकि इनके पास ना तो वैध चिकित्सकीय योग्यता है और ना ही किसी अधिकृत संस्था से पंजीयन। कुछ मेडिकल संचालकों ने उड़ीसा, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश जैसे राज्यों से प्राप्त डिप्लोमा (डी.फार्मा) दिखाकर मेडिकल लाइसेंस हासिल कर लिया है। इन डिग्रियों की वैधता पर भी अब सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में अचानक दर्जनों डिग्रियां प्रकट हो गई हैं।

### एमबीबीएस डॉक्टरों की अनुपस्थिति का लाभ उठा रहे

छोटे-छोटे गांवों में इन कथित मेडिकल स्टोर्स की भरमार है, जहां कोई एमबीबीएस डॉक्टर उपलब्ध नहीं होता। ऐसे में ग्रामीणों की मजबूरी और अज्ञानता का लाभ उठाकर ये झोलाछाप खुद ही डॉक्टर, खुद ही फार्मासिस्ट और खुद ही कम्पाउंडर बन बैठे हैं। इनसे दवा लेने वालों की कोई पक्की रसीद नहीं दी जाती, न ही किसी मरीज का रिकॉर्ड रखा जाता है।

### प्रशासनिक चुप्पी से बढ़ रहा मनोबल

जिला प्रशासन की उदासीनता ने इन फर्जी डॉक्टरों के हौसले को और मजबूत किया है। यदि समय रहते कार्रवाई की गई होती तो शायद इस बढ़ते खतरे पर अंकुश लगाया जा सकता था। ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ किया जा रहा यह खिलवाड़ अब गंभीर चिंता का विषय बन चुका है।

### सख्त कार्रवाई होगी

जैसे-जैसे हमें जानकारी मिल रही है, वैसे-वैसे कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीण इलाकों में मेडिकल के आड़ में डॉक्टरी कर रहे फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध जल्द ही नर्सिंग होम एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-डॉ. पी. कुदेशिया,**
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

### कार्रवाई की योजना बनी

झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ नर्सिंग होम एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की योजना बनाई गई है। जल्द ही जांच दल गठित कर मेडिकल स्टोर्स के आड़ में डॉक्टरी कर रहे लोगों कि जांच की जाएगी, जिससे ग्रामीणों को गलत इलाज और धोखाधड़ी से बचाया जा सके।

**-डॉ. बीबी कोसरिया,**
विकासखंड चिकित्सा अधिकारी

# खंड स्तरीय 51 कुंडीय गायत्री यज्ञ 23 से

**खल्लारी।** खंड स्तरीय 51 कुंडीय वैदिक महायज्ञ का आयोजन खंड बागबाहरा के मां खल्लारी के पावन धरा ग्राम खल्लारी मे 23 और 24 अप्रेल 2025 को आयोजित होने जा रहा है। यज्ञ सुबह 8 बजे से प्रातः 11.30 तक एवं भोजन प्रसाद भंडारा 12 से 1 बजे तक संध्या काल 5 बजे स्वस्थ उपदेश गीता प्रवचन के साथ 6 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा एवं श्री राम जी की आरती की जाएगी।

यज्ञ का आयोजन सनातन चेतना आध्यात्मिक कल्याण राष्ट्र कल्याण के लिए किया जा रहा हैं। यज्ञ के कई आध्यात्मिक लाभ वैज्ञानिक लाभ हैं पर्यावरण सुरक्षा मे भी इसका प्रभाव हैं। प्राचीन सभ्यताओं मान्यताओं के अनुसार यज्ञ से अच्छी बारिस किसानो के अत्यधिक अन्न उत्पादन होने के साथ फसलों मे रोगों से बचाव होते हैं। साथ ही यज्ञ मे बैठने से यज्ञ मे डाली जाने वाली वन की सैकड़ों जड़ी बूटियों के आहुति से मनुष्य के शरीर को भी विभिन्न लाभ होते हैं। आज काल यज्ञ चिकित्सा थैरेपी भी इसी लाभ के कारण प्रचलित हो रही हैं यज्ञ कार्यक्रम मे प्रातः योग शिक्षा आयुर्वेद चिकित्सा का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा यज्ञ कार्यक्रम मे इंदौर से योग यज्ञचार्य आचार्य विश्वामित्र एवं कवर्धा भोरमदेव से यज्ञचार्य प्राकृतिक चिकित्सक एवं योग गुरु आचार्य लेखराम का आगमन होगा यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन सनातन योग वेलनेस फाउंडेशन के तत्वाधान मे समस्त सनातन परिवार बागबाहरा खंड द्वारा आयोजित किया जा रहा हैं।

# अटल परिसर निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय पटवारी कार्यालय के सामने अटल परिसर निर्माण कार्य का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पूजा-अर्चना कर तथा पार्षदों की उपस्थिति में किया। श्री साहू ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी ने कभी दलगत राजनीति नहीं की। उन्होंने देश सेवा को सर्वोपरि समझा। ऐसे महान व्यक्तित्व की स्मृतियों को सहेजने अटल परिसर का निर्माण प्रदेश के समस्त नगरीय निकाय क्षेत्रों में कराया जा रहा है। हमारे महासमुंद शहर में भी स्व. अटल जी की स्मृतियों को सहेजने इस कार्य का शुभारंभ आज हो रहा है, यह हमारा सौभाग्य है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति गुलशन साहू, सभापति सूरज नायक, सभापति जय देवांगन, सभापति जितेंद्र ध्रुव, पार्षद भाऊ राम साहू, पार्षद राहुल अवाडे, पार्षद शेखर बेलदार, पूर्व पार्षद रिंकू चंद्राकर, संजय भोई एवं सब इंजीनियर दिलीप कश्यप एवं विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।



# भोरिंग में संकुल स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय, शिक्षक एवं विद्यार्थी सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रविवार को संकुल स्त्रोत केंद्र भोरिंग के तत्वावधान में संकुल स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय, शिक्षक एवं विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जागेश्वर सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पोखन ढीढी, अध्यक्ष, एसएमडीसी, हायर सेकेंडरी स्कूल भोरिंग ने की। समारोह में शैक्षिक गुणवत्ता, नवाचार एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयनित विद्यालयों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को मोमेंटो, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



अपने संबोधन में जागेश्वर सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समुदाय के सदस्यों को नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने सुझाव दिया कि शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से पूर्व ही संकुल स्तरीय बैठकों के माध्यम से आगामी योजनाओं को तैयार कर क्रियान्वयन पर बल देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा की रीढ़ पालक, बालक, शिक्षक और समुदाय होते हैं, और यदि सभी अपनी जिम्मेदारियों का समर्पण भाव से निर्वहन करें तो शैक्षणिक परिणामों में निश्चित ही सुधार होगा।

इस आयोजन की सफलता के लिए संकुल समन्वयक बेदराम गिलहरे के प्रयासों की सराहना की गई। कार्यक्रम में संकुल क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के शिक्षकगण, विद्यार्थी, पालकगण एवं विभिन्न स्कूलों से पधारे एसएमसी अध्यक्ष गण उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट शिक्षकों, उत्कृष्ट विद्यार्थी, एवं उत्कृष्ट स्कूल के पूरे स्टाफ को सम्मानित किया गया तथा विद्यार्थियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के परिश्रम को सम्मानित करना था। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार आंवले द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य लोकनाथ दीवान द्वारा किया गया।

# भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त थीं मां कर्माः अशवंत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला ग्राम जोबा में भक्त माता कर्मा की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुआ। साहू समाज के ग्रामीण पदाधिकारी के द्वारा फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया। भक्त माता कर्मा के चलचित्र की पूजा-अर्चना और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना, एक धार्मिक परंपरा है जो भक्त माता कर्मा के प्रति श्रद्धा और उनके आशीर्वाद की आशा व्यक्त करती है। पूजा-अर्चना, उनकी जीवन कथा, शिक्षाओं और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करने का एक तरीका है। साहू समाज को विशेष रूप से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

तुषार साहू ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त मां कर्मा थी जिन्होंने समाज के उद्धार के लिए अपने हाथों से भगवान श्री कृष्ण को खिचड़ी खिलाई और आज भी ओडिशा में विराजमान जगन्नाथ मंदिर में प्रभु को खिचड़ी का भोग लगाया जाता है। आगे कहा कि माता भक्त कर्मा का जीवन हम सभी को मार्गदर्शन प्रदान करता है। अध्यक्ष मनहरण साहू, कुंदन साहू, जीवराखन, करण साहू, टीकाराम, लोचन, चेतन, राधे, बल्लू, रामप्रसाद, जनक, राजकुमार, भारत, नरोत्तम, जवाहर, यादराम, नरेश, भूपेंद्र, समस्त साहू समाज मां कर्मा आयोजित समिति माताएं, बहनें उपस्थित रहे।

# बाल विवाह करना व शामिल होना भी अपराधः बारिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

महिला बाल विकास विभाग की पैनी नजर बाल-विवाह रोकना शादियों का सीजन शुरू हो गया है. बाल विवाह रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग सतर्क है। यदि किसी व्यक्ति की शादी 18 वर्ष से कम उम्र में होती है तो उसे बाल विवाह माना जाता है। बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 लड़कियों के लिए न्यूनतम विवाह योग्य आयु 18 वर्ष और लड़कों के लिए 21 वर्ष निर्धारित करता है

बाल विवाह के कारण मातृ एवं शिशु मृत्यु दर ज्यादा है। बाल विवाह के कारण कम उम्र की मां एवं बच्चे दोनों की स्वास्थ्य खतरे में पड़ जाता है। बाल विवाह से जन्में नवजात शिशु का वजन कम रह जाता है, जिससे कुपोषण एवं खून की कमी की ज्यादा आशंका रहती है। बाल विवाह से शिक्षा के मूल अधिकार का भी हनन होता जो।

30 अप्रैल को अक्षय तृतीया है ग्रामीण अंचल में अक्षय तृतीया का पर्व 30 अप्रैल को मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां शहर और ग्रामीण अंचलों में शुरू हो गई है. साथ ही इस दिन शहर और ग्रामीण अंचलों में कई शादियां होती हैं। इस दिन बाल विवाह होने की आशंका रहती है, ऐसे में महिला बाल विकास विभाग की टीम सक्रिय है, परियोजना अधिकारी श्री नारंग ने बताया कि बाल विवाह रोकने के लिए जिला बाल संरक्षण, पुलिस, पंचायत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम बनती है, जो कार्रवाई करने पहुंचती है। वहीं बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समितियों का गठन किया गया है, जो गांवों में होने वाले बाल विवाह की जानकारी देते हैं।

बाल विवाह पर पैनी नजर रखे हुए महिला एवं बाल विकास की पर्यवेक्षक दीक्षा बारीक कहती हैं कि हम ग्राउंड लेवल पर काम करते हैं। गांव, पंचायत स्तर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से जानकारी जुटाते हैं, जहां कहीं भी बाल विवाह होने की खबर मिलती है वहां पहुंचते हैं और शादी रुकवाते हैं, परिवार वालों को समझाते हैं कि बच्चों के बालिग होने पर ही उनकी शादियां करें अगर कोई जबरन शादी करने की कोशिश करता है तो हम कानूनी तरीके से उससे निपटते हैं।




### जान लीजिए क्या कहता है कानून

**बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 :** - यह अधिनियम बाल विवाह को प्रतिबंधित करता है और ऐसे विवाह को करने या उसमें सहायता करने वाले व्यक्ति के लिए दंड का प्रावधान करता है। इस कानून के तहत, बाल विवाह करने, संचालन करने, निर्देशन करने या इसमें सहायता करने पर 2 वर्ष तक की कैद और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

**कानूनी सजा :-** बाल विवाह करने या उसमें शामिल होने वाले किसी व्यक्ति को 2 साल तक की कैद और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

खरमास के खत्म होने के बाद शादियों का सीजन शुरू हो चुका है महिला एवं बाल विकास विभाग एक बार फिर बाल विवाह को रोकने के लिए सतर्क है इस साल जनवरी से लेकर अप्रैल की तारीख तक नई शादियों को रोका गया है जिन शादियों को रोका गया है वो बाल विवाह से जुड़े रहे हैं। इन शादियों को महिला एवं बाल विकास विभाग ने समझा कर रुकवाया।

### बाल विवाह पर एक्शन

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत होता है एक्शन, शिकायत मिलने पर हमारी टीम पहुंचती है मौके पर, बाल संरक्षण आयोग भी बाल विवाह को रोकने पहुंचता है, कई और विभाग के अधिकारी भी समझाने के लिए जाते हैं। बाल विवाह में शामिल मेहमानों पर भी होता है एक्शन, टेंट और पुरोहित भी कानूनी कार्रवाई की जद में आते हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग कार्रवाई करती है शादी स्थल पहुंचकर बाल विवाह पर रोक लगाती है लगातार कार्रवाई होने से अब बाल विवाह करने लोगों में दहशत है अक्षय तृतीया के दिन बाल विवाह होने की आशंका रहती है ऐसे में महिला बाल विकास विभाग अलर्ट हैं, ताकि बाल विवाह रोका जा सके हर साल बाल विवाह पर कार्रवाई होने से अब बाल विवाह की शिकायतें कम है।

# विहिप आज करेगा पश्चिम बंगाल सरकार का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पश्चिम बंगाल में हिंदू के खिलाफ हुई हिंसा के चलते विश्व हिंदू परिषद द्वारा आज नेहरू चौक में पश्चिम बंगाल सरकार का पुतला दहन किया जाएगा। विहिप का कहना है कि हिंदू विरोधी सरकार को निलंबित कर राष्ट्रपति शासन लागू करने से ही हिंदू समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा संभव है, जो कि विश्व हिंदू परिषद की सुविचारित राय एवं मांग भी है। इस दौरान पश्चिम बंगाल सरकार का पुतला दहन एवं राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन दिया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा अधिक से अधिक संख्या में लोगों को उपस्थित हो कर पुतला दहन में शामिल होने की बात कही है।

